जयंती | धूमधाम से मनाई गई महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती

# वीरता और सामाजिक समरसता का दिया संदेश



**नवभारत , जबलपुर।** महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर आयोजित भव्य समारोह ( महाराणा प्रताप भवन ) में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के अद्वितीय साहस, त्याग, राष्ट्रभक्ति और स्वाभिमान को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन, मातृशक्ति, युवा वर्ग एवं गणमान्य नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ शहर के प्रथम नागरिक एवं वरिष्ठ मार्गदर्शक जगत बहादुर सिंह ‘अन्नू ’ द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन त्याग, संघर्ष और आत्मसम्मान का ऐसा उदाहरण है, जो सदियों बाद भी देशवासियों को राष्ट्रहित और संस्कृति की रक्षा के लिए प्रेरित करता है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं शहर के प्रथम नागरिक जगत बहादुर सिंह ‘अन्नू ‘ ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। विशिष्ट अतिथि एवं वरिष्ठ सदस्य लेखराज सिंह ‘मुन्ना भैया’ ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन सनातन संस्कृति, राष्ट्र गौरव और सामाजिक एकता का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि समाज को उनके विचारों से प्रेरणा लेकर आपसी भाईचारे और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करना चाहिए। कार्यक्रम में संगठन के अध्यक्ष रज्जन सिंह, ठाकुर प्रह्लाद सिंह, सुरेंद्र सिंह चौहान, श्याम सिंह, क्षत्रिय मातृशक्ति की ओर से कल्पना सिंह, युवा मोर्चा की अध्यक्ष अशीमा सिंह, पार्षद सोनिया सिंह एवं अर्चना सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए महाराणा प्रताप के संघर्ष, त्याग और राष्ट्रभक्ति को नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया।

### शौर्य यात्रा निकालकर त्याग-बलिदान को किया गया याद



वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की 486 वीं जन्म जयंती शहर के अलग अलग इलाकों में बड़ी धूम धाम से मनाई गई। इस मौके पर महाराणा प्रताप के त्याग-बलिदान को याद किया गया। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के तत्वावधान में सिविक सेंटर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। वहीं राजपूत क्षत्रिय समाज गढ़ा जबलपुर द्वारा वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के 486वीं जयंती के उपलक्ष्य में भव्य शौर्य यात्रा निकाली गई। शौर्य यात्रा एवं वाहन रैली का शुभारंभ गौतम मढ़िया संकटमोचन हनुमान प्रांगण से हुआ फिर शौर्य यात्रा संजीवनी नगर चौराहा, शाहीनाका रोड, पंडा की मढ़िया, पुरवा, गढ़ा बाजार, आनंदकुंज चौराहा, बी.टी.तिराहा, गुलौआ चौक कछपुरा ब्रिज, लेबर चौक यादव कालोनी रानीताल से होते हुये सिविक सेंटर से महाराणा प्रताप परिसर नगर निगम पहुंची। इस मौके पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेशाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह ठाकुर ,गढ़ा राजपूत क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष पदम सिंह ठाकुर, संरक्षक देवी सिंह ठाकुर,चन्द्रभान सिंह, मुरलीधर सिंह सिसोदिया , सोहन सिंह, भोले सिंह, रघुवीर सिंह, वासुदेव सिंह, रतन सिंह, सतीश सिंह सोलंकी सहित बड़ी संख्या में समाज के सदस्य मौजूद रहे।

## राज्य स्तरीय पूर्व सैनिक रैली आज

**नवभारत,जबलपुर।** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय पूर्व सैनिक रैली का आयोजन गुरुवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस सांस्कृतिक एवं सूचना केंद्र (घंटाघर के समीप) में किया जाएगा। कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट जनरल हरविंदर सिंह वान्द्रा, एवीएसएम, एसएम, जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी), मध्य भारत एरिया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। रैली का शुभारंभ प्रातः 10 :30 बजे होगा तथा मुख्य कार्यक्रम सुबह 11 बजे से प्रारंभ होंगे। रैली में पूर्व सैनिकों, वीर नारियों, वीर माताओं एवं सैनिक परिवारों के साथ ही कार्यक्रम में ब्रिगेडियर अरूण नायर (रिटायर्ड)डायरेक्टर राज्य सैनिक बोर्ड भोपाल , कमिश्नर, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, सी ई ओ कंट बोर्ड राजीव कुमार,महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, राज्य सभा सांसद विवेक तन्खा,सांसद आशीष दुबे , विधायक अशोक रोहाणी सहित शहर के तमाम जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगें। कार्यक्रम के दौरान वीर नारियों, वीर माताओं, द्वितीय विश्व युद्ध से जुड़े सैनिक परिवारों, विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले पूर्व सैनिकों तथा गैर-पेंशनधारी पूर्व सैनिकों का सम्मान किया जाएगा। साथ ही पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों के कल्याण से जुड़े विषयों पर संवाद और मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाएगा। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ग्रुप कैप्टन अमिताभ रावत (रिटायर्ड)ने बताया कि रैली का उद्देश्य पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं और कल्याण संबंधी मुद्दों पर चर्चा करना है।



## क्षत्रिय महासभा द्वारा निकाली गई गौरव यात्रा

**नवभारत, जबलपुर।** क्षत्रिय महासभा रांझी द्वारा प्रतिवर्ष की तरह महाराणा प्रताप जयंती के उपलक्ष्य में उनके शौर्य, स्वाभिमान और त्याग को नमन करने के लिए अत्यंत उत्साह के साथ भव्य ‘गौरव यात्रा’ निकाली गई। इस गौरवशाली यात्रा में मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह, जबलपुर महापौर जगत बहादुर सिंह, कैंट विधायक ईश्वर दास रोहाणी एवं ठाकुर रज्जन सिंह वैस ने विशेष रूप से उपस्थित होकर महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी और उनके जीवन दर्शन को युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत बताया।

गौरव यात्रा रांझी लक्ष्मीनारायण स्कूल से शुरू होकर दर्शन सिंह तिराहा, मस्ताना चौक और किशन होटल होते हुए रावण पार्क में समाप्त हुई ।इस यात्रा का समाज के लोगों ने जगह-जगह भव्य स्वागत किया। इस दौरान पूरा क्षेत्र महाराणा प्रताप के जयकारों से गूंज उठा और अंत में आयोजकों ने सभी सहयोगियों व उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया। महासभा के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह के नेतृत्व में संचालित इस यात्रा में सुरेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह, पुष्पराज सिंह, अरुण सिंह, रोहित सिंह, अनुराग सिंह, रूपेश सिंह, अशोक सिंह, के.पी. सिंह सहित सभी पदाधिकारी, स्वजातीय बंधु और गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### समरसता सेवा संगठन ने शौर्य यात्रा का किया स्वागत

वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जन्म जयंती के अवसर पर क्षत्रिय महासभा के तत्वावधान में निकाली गई शोभायात्रा का स्वागत समरसता सेवा संगठन द्वारा संगठन के संस्थापक अध्यक्ष एवं जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन, संगठन अध्यक्ष पवन पांडे, सचिव मनोज सेठ की उपस्थिति में मढ़ाताल गुरूद्वारे के समीप किया गया। इस मौके पर समरसता सेवा संगठन द्वारा शोभायात्रा में सम्मलित गणमान्य जनों, मातृ शक्ति एवं युवा साथियो का स्वागत पुष्प वर्षा कर किया गया। इस अवसर पर राजीव राठौर, आलोक पाठक, बालकृष्ण पटेल, श्रीकान्त साहू, देशराज सिंह ठाकुर, रोमिल जैन भारतीय, कुलदीप सेन, लालू यादव, सुरेन्द्र शर्मा, रामेश्वर चौधरी, वासु जैन आदि ने किया।

एक नजर में



### रक्तदान क्षेत्र में योगदान के लिए केमतानी समूह सम्मानित

**नवभारत, जबलपुर।** आईएमए हॉल में आयोजित एक समारोह में केमतानी समूह को रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। समूह द्वारा 122 यूनिट रक्त संग्रह कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने पर कलेक्टर ने शॉल, श्रीफल एवं सम्मान-पत्र प्रदान कर उनका सम्मान किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने रक्तदान को मानवता की सबसे बड़ी सेवा बताते हुए कहा कि समूह द्वारा लगातार किए जा रहे प्रयास समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं और उन्होंने ऐसे जनहितकारी कार्यों को निरंतर जारी रखने की बात कही। उल्लेखनीय है कि सवेदित केमतानी एवं केमतानी बंधुओं के नेतृत्व में यह समूह प्रत्येक वर्ष जबलपुर में बड़े स्तर पर रक्तदान शिविरों का आयोजन करता है तथा अपने सहयोगियों के माध्यम से रिकॉर्ड संख्या में रक्तदान करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस अवसर पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर की डीन डॉ. नवनीत सक्सेना, विक्टोरिया अस्पताल के सीएमओ डॉ. गर्ग, डॉ. जैन सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे, जिन्होंने समूह द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों एवं रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने के प्रयासों की सराहना की।


### कल्पना धुर्वे परस्ते ट्रेनिंग एक्सीलेंस अवॉर्ड से सम्मानित

**नवभारत,जबलपुर।** मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के आईटी-ईआरपी सेल जबलपुर में पदस्थ प्रोग्रामर कल्पना धुर्वे परस्ते को आईटी एवं ईआरपी प्रणालियों के संबंध में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रभावी प्रशिक्षण उपलब्ध कराने में उल्लेखनीय योगदान के लिए कंपनी के राज्य स्तरीय ‘ट्रेनिंग एक्सीलेंस अवार्ड’ से सम्मानित किया गया। मुख्यालय जबलपुर में आयोजित विशेष सम्मान समारोह में उन्हें मेडल एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि एमपी ट्रांसको अपनी कार्यप्रणाली के डिजिटलीकरण की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। विगत तीन वर्षों में कल्पना ने कर्मचारियों को विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म्स एवं ईआरपी प्रणालियों का प्रशिक्षण देने, उनकी समस्याओं के समाधान तथा प्रशिक्षण प्रक्रियाओं को अधिक प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके प्रयासों से कंपनी के डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के उपयोग एवं कार्यदक्षता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिसके लिए उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया।



### गुरु अर्जन देव शहीदी दिवस पर सजेगा कीर्तन दरबार

**नवभारत,जबलपुर।** गुरुद्वारा गुरुनानक दरबार गोरखपुर प्रांगण में आज सिख धर्म के पांचवें गुरु और गुरुग्रंथ साहिब के सृजक गुरु अर्जन देव का शहीदी दिवस समारोह पूरी आस्था व श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। इस विशेष अवसर पर सुबह 1 से दोपहर 3 बजे और रात 7 से 11:3 बजे तक भव्य कीर्तन दरबार सजेगा, जहाँ दोपहर 12 बजे से अमृतसर स्वर्णमंदिर पंजाब के हुजूरी रागी जत्था भाई जरनैल सिंह कोहारका और कथाकार ज्ञानी मनदीप सिंह मुरीद कथा प्रवाह व गुरुवाणी शबद कीर्तन पेश करेंगे। इस आयोजन में रागी जत्था भाई बलजीत सिंह गोरखपुर एवं स्त्री सत्संग सभा सहित कई विद्वतजन शिरकत करेंगे। इससे पहले अमृतसर से जबलपुर आगमन पर डुमना हवाई अड्डे में रागी जत्थों का भावभीना स्वागत किया गया, जिसके बाद साध-संगत ने रातभर गुरु का लंगर व अन्य व्यवस्थाओं हेतु कारसेवा की। बदलते मौसम के अनुरूप यहाँ एक विशाल तारपालयुक्त पंडाल तैयार किया गया है और खंडा चौक गुरुद्वारों को भी सजाया गया है। आयोजन के तहत दिनभर गुरु का लंगर और मीठी छबील वितरित की जाएगी, जिसके लिए प्रधान रजिंदर सिंह छावड़ा, हरजीत सिंह सूदन कुक्कू, मनप्रीत सिंह आहूजा मिक्की, सोनू सलूजा, करनैल सिंह छाबड़ा व प्रबंधक कमेटी ने उपस्थिति की अपील की है।



## पारिवारिक साहित्यिक प्रकोष्ठ का मासिक काव्य आयोजित



**नवभारत, जबलपुर।** सोचा है कि बिना कलह की सृष्टि का निर्माण करें। कुछ ऐसे ही भावों से सुसज्जित पंक्तियां से संपन्न अनेक रचनाओं का काव्य पाठ स्नेह-कुंज परिसर लेबर चौक गढ़ा में पारिवारिक साहित्यिक प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित मासिक काव्य गोष्ठी जो कि एडवोकेट राजेंद्र गुप्ता की अध्यक्षता, वरिष्ठ साहित्यकार एम एल बहोरिया अनीस के विशेष आतिथ्य एवं उदीयमान कवियत्री कविता विश्वकर्मा खंडवा मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुई। इस अवसर पर नगर के प्रबुद्ध रचनाकार विजय विश्वकर्मा, मन्नान फ़राज़, जयप्रकाश श्रीवास्तव, एम.एल. बहोरिया अनीस, विजय नेमा अनुज, संतोष नेमा संतोष, निरंजन द्विवेदी वत्स, तरुणा खरे, कविता विश्वकर्मा खंडवा, अखिलेश खरे एवं प्रकाश ठाकुर ने अपनी अपनी प्रभावशाली रचनाओं की प्रस्तुति दी। जिनमें आओ अब इंसान बने हम, एवं बुंदेली गजल बहुत सराही गई। कार्यक्रम का संचालन अखिलेश खरे अखिल ने किया।

## मानेगांव और मोहनिया तालाब का जल्द होगा कायाकल्प



▶ अम्बेडकर पार्क में सजेगा शौर्य स्मारक

**नवभारत,जबलपुर।** कैंट विधानसभा अंतर्गत मानेगाँव और मोहनिया तालाब का जल्द कायाकल्प होगा। वहीं अम्बेडकर पार्क में शौर्य स्मारक सजेगा। जानकारी के अनुसार बुधवार को विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी और निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने संयुक्त रूप से कैंट के विभिन्न क्षेत्रों का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान क्षेत्र के नागरिकों को बुनियादी सुविधाएं देने और धार्मिक-ऐतिहासिक स्थलों को नया स्वरूप देने के लिए कई महत्वपूर्ण विकास योजनाओं को जमीनी धरातल पर उतारने ठोस चर्चा की गयी। निरीक्षण के दौरान शहर की जल संरचनाओं को सहेजने और पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ मानेगाँव तालाब और मोहनिया तालाब का भव्य सौंदर्यीकरण करने पर भी विचार किया गया।

### श्मशानघाट का भी होगा जीर्णोद्धार

नागरिकों की भावनाओं और सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए बड़ा पत्थर क्षेत्र के श्मशानघाट के जीर्णोद्वार किया जायेगा। यहाँ शेड निर्माण, सुचारू जलापूर्ति, बैठक व्यवस्था और व्यवस्थित पहुंच मार्ग तैयार किए जाएंगे ताकि अंतिम संस्कार के समय आने वाले नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान देश के वीरों के सम्मान और युवा पीढ़ी को राष्ट्रभक्ति से प्रेरित करने के लिए अम्बेडकर पार्क में एक भव्य शौर्य स्मारक स्थापित किया जाएगा। यह स्मारक हमारे वीर जवानों के बलिदान और शौर्य की गाथा को जीवंत रखेगा और पार्क की गरिमा को और बढ़ाएगा।

## मुफ़्ती-ए-आज़म के ऐलान के साथ मुहर्रम का आगाज़

**नवभारत, जबलपुर।** मुफ़्ती-ए-आज़म मध्यप्रदेश हज़रत मौलाना डॉ. मुशाहिद रज़ा कादरी बुरहानी द्वारा पहली मुहर्रम का ऐलान किए जाने के साथ ही इस्लामी नए साल और माहे मुहर्रम का आगाज़ हो गया है। इसी के साथ जबलपुर शहर के इमामबाड़ों और इमाम चौकों में अकीदत के साथ धार्मिक कार्यक्रमों का सिलसिला शुरू हो गया है। शिया मुस्लिम समाज में शहीद-ए-कर्बला हज़रत इमाम हुसैन और शहीदाने कर्बला की याद में मजलिसों और तकरीरों का दौर भी जारी है। मुस्लिम इस्लाह कमेटी के पदाधिकारियों ने प्रदेशवासियों को नए साल की मुबारकबाद पेश करते हुए मुहर्रम को अमन, भाईचारे और शालीनता के साथ मनाने की अपील की है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि 26 जून को यौमे आशूरा यानी 10 मुहर्रम मनाया जाएगा।

### परचम कुशाई और मजलिसें

आनंद नगर स्थित दाऊद अली इमामबाड़े, जैदी विला, जाहिद हुसैन इमामबाड़े, बाबुल मुराद, गलगला शिया इमामबाड़ा, तत्तू भाई एवं फाजिल हुसैन इमामबाड़ों में मजलिसें आयोजित की जा रही हैं। इसके साथ ही गढ़ा स्थित सूपाताल कर्बला में हसनी हुसैनी सोसाइटी के तत्वावधान में परचम कुशाई कर मुल्क की खुशहाली के लिए दुआएँ की गई। इसी प्रकार नया मोहल्ला बंद कुआँ स्थित शहीदाने फिदाजाने हुसैन लंगर कमेटी द्वारा छबील व नज़र-ओ-नियाज का आयोजन किया गया, जबकि सदर क्षेत्र में अब्बास अलमदार लंगर कमेटी सहित इनायत अली शाह, अनवर बाबा, सूरज खटीक बाबा और मंटू रजक बाबा के इमामबाड़ों में पारंपरिक रस्में अदा की गई। इसके अतिरिक्त गढ़ा मुजावर मोहल्ले में डॉ. सैय्यद मकबूल अली कादरी के इमामबाड़े तथा बेदरा मोहल्ले में बज़्म-ए-सुल्तानी की जानिब से परचम कुशाई की गई। मुजावर मोहल्ले में हैदर-ए-लंगर कमेटी और तकिया मोहल्ला गढ़ा बाजार स्थित इमाम चौक पर चाँद रात को कुदारी की विशेष रस्म व नज़र-ओ-नियाज़ पेश की गई, जिसमें बड़ी संख्या में ताजियादार और क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## बड़े फुहारा पर होगा तुलसी पौधों का वितरण



**नवभारत, जबलपुर।** जमुना प्रसाद अग्रवाल एडवोकेट ट्रस्ट द्वारा 18 जून को शाम 5 बजे बड़े फुहारा स्थित खुन्नेलाल एंड कंपनी आयुर्वेदिक दवाई की दुकान में निशुल्क श्याम और रामा तुलसी पौधों का वितरण किया जाएगा। ट्रस्ट के माध्यम से अब तक लगातार सेवा कार्य जारी रखते हुए 1 लाख 4 हजार से अधिक तुलसी पौधों का वितरण किया जा चुका है। इस आयोजन को सफल बनाने और औषधीय पौधों का लाभ लेने के लिए शीर्ष अग्रवाल, एड. स्पर्श अग्रवाल और संस्कार अग्रवाल ने सभी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की है।



## सदर काली माई मंदिर में दुर्गा चालीसा पाठ

**नवभारत, जबलपुर।** जय महाकाल संघ अंतरराष्ट्रीय बजरंग दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष कन्हैया रामकृष्ण तिवारी के निर्देश पर महिला शक्ति महासंघ द्वारा सोमवती अमावस्या के अवसर पर सदर काली माई मंदिर सिद्ध पीठ में सायं काल तीन बार दुर्गा चालीसा पाठ, महाआरती एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। आयोजन के समापन पर प्रांत अध्यक्ष राधा तिवारी ने आगामी श्रावण मास के प्रथम सोमवार 3 अगस्त को होने वाले शिवलिंग निर्माण कार्यक्रम की जानकारी साझा करते हुए सभी श्रद्धालुओं से उसमें भी उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने का आग्रह किया। इस धार्मिक अनुष्ठान में सैकड़ों की संख्या में माताओं और बहनों ने उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित किया तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में राधा तिवारी, किरण ठाकुर, मीनू पिल्ले, नीलू स्वामी, अनिता कश्यप और पिंकी गुप्ता ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## रेलवे के रक्तवीरों का योगदान समाज सेवा की प्रेरक मिसाल : डीआरएम



**नवभारत,जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल में मानव सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सशक्त करते हुए सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड द्वारा विश्व रक्तदान दिवस के उपलक्ष्य पर वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में रेलवे के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए रक्तदान कर जरूरतमंदों के जीवन बचाने में अपना अमूल्य योगदान दिया।शिविर को संबोधित करते हुए मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा ने सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है और किसी जरूरतमंद व्यक्ति को जीवन प्रदान करने का सबसे श्रेष्ठ माध्यम है। उन्होंने रेलवे के रक्तवीरों द्वारा किए गए इस पुनीत कार्य को प्रशंसनीय एवं प्रेरणादायक बताया इस अवसर पर रेल चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. शैलेन्द्र दीक्षित, एम.डी. डॉ. अशोक कुमार, मंडल चिकित्सा अधिकारी डॉ. संदीप चौहान, विक्टोरिया अस्पताल के चिकित्सक डॉ. अमितोज भल्ला, डॉ. विशाल कुमार एवं एम.के. गुप्ता सहित अन्य चिकित्सकीय स्टाफ का विशेष सहयोग रहा। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. शैलेन्द्र दीक्षित ने मंडल रेल प्रबंधक श्री तलरेजा की उपस्थिति में आयोजित इस शिविर को जरूरतमंदों की सहायता के लिए रेलवे की महत्वपूर्ण सामाजिक पहल बताया। शिविर में डॉ. संदीप चौहान सहित बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष रेल कर्मचारियों ने रक्तदान किया। एल्गिन एवं विक्टोरिया अस्पताल के ब्लड बैंक द्वारा शिविर में एकत्रित लगभग 65 यूनिट रक्त को सुरक्षित रूप से संरक्षित किया गया। रक्तदाताओं में देवेन्द्र कुमार, अर्जुन हालदार, दुर्गा तिवारी, रमेश कुमार, अपराजिता सिन्हा, तुषार रैकवार, मुकेश यादव, अमित सोनी, नीरज कुंडे एवं मंजीत जैन सहित अनेक रेलकर्मी प्रमुख रहे।

अंतरराष्ट्रीय पिकनिक दिवस | परिवार और दोस्तों संग बितेगा आज का दिन

# भागदौड़ भरी जिंदगी में सुकून के कुछ पल बिताये जायेंगे



**नवभारत, जबलपुर।** आज की व्यस्त जीवनशैली में लोगों के पास अपने परिवार और दोस्तों के लिए समय निकालना मुश्किल होता जा रहा है। ऐसे में हर वर्ष 18 जून को मनाया जाने वाला इंटरनेशनल पिकनिक डे लोगों को प्रकृति के बीच कुछ सुकून भरे पल बिताने और अपनों के साथ समय साझा करने के लिए प्रेरित करता है। यह दिन लोगों को तनाव से दूर होकर खुले वातावरण में भोजन, मनोरंजन और आपसी मेलजोल का अवसर प्रदान करता है। जानकारो के अनुसार पिकनिक केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का भी एक अच्छा माध्यम है। पार्क, नदी किनारे, पहाड़ी क्षेत्रों या किसी प्राकृतिक स्थल पर परिवार और मित्रों के साथ समय बिताने से तनाव कम होता है और रिश्तों में भी मजबूती आती है।

### भेड़ाघाट, डुमना नेचर रिजर्व है आकर्षण का केंद्र

शहर में भी भेड़ाघाट, डुमना नेचर रिजर्व, ग्वारीघाट और विभिन्न उद्यान पिकनिक के लिए लोगों की पसंदीदा जगहों में शामिल हैं। छुट्टी के दिनों में यहां बड़ी संख्या में परिवार और युवा समूह पहुंचते हैं। इंटरनेशनल पिकनिक डे केवल आनंद लेने तक सीमित नहीं है, बल्कि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देता है। लोगों से अपील की जाती है कि पिकनिक के दौरान प्लास्टिक कचरा न फैलाएं और प्राकृतिक स्थलों की स्वच्छता बनाए रखें। वही युवाओं का मानना है कि मोबाइल और सोशल मीडिया के दौर में पिकनिक जैसे आयोजन लोगों को वास्तविक जीवन में एक-दूसरे के करीब लाने का काम करते हैं। यह दिन दोस्तों और परिवार के साथ यादगार पल बनाने का बेहतरीन अवसर है।

### इनका कहना है



अपनों के साथ मिलकर पिकनिक मनाने का मज़ा ही अलग है। हम सब परिवारजन एक साथ मिलकर अक्सर पिकनिक मनाते है।

**रश्मि बौरासी**



आज इंटर नेशनल पिकनिक डे है। आज में अपने परिवार के साथ डूमना नेचर पार्क जाऊंगी। हम सब मिलकर खूब एंजॉय करेंगे।

**प्रियंका सोनकर**

## जागरण साहित्य समिति की ऑनलाइन काव्य गोष्ठी संपन्न

**नवभारत जबलपुर।** संस्कारधानी की प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था जागरण साहित्य समिति द्वारा मासिक ऑनलाइन काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में देशभर के साहित्यकारों और काव्य साधकों ने सहभागिता करते हुए अपनी स्वरचित रचनाओं का पाठ किया। ऑनलाइन आयोजित हुई गोष्ठी में कृष्ण कुमार नेमा ‘निर्झर’, कविता विश्वकर्मा, विजय विश्वकर्मा, नवनीता दुबे, मानसिंह दीपक, संजय जैन, रेखा नेमा, अधिवक्ता प्रभा खरे, विनीता श्रीवास्तव, रश्मि पांडे ‘शुभी’, संतोष नेमा ‘संतोष’, सिद्धेश्वरी सराफ, उर्मिला श्रीवास्तव, सुशील जैन ‘आभा’, विवेक गुप्ता, कदम जबलपुरी सहित अनेक रचनाकारों ने ऑडियो के माध्यम से अपनी स्वरचित कविताओं का प्रभावी पाठ किया।

गोष्ठी में कवियों ने बदलते सामाजिक परिवेश, मानवीय संवेदनाओं और स्मृतियों पर आधारित रचनाओं के माध्यम से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। ‘पहले फोन पर बात होती थी, चिट्ठी लिखी जाती थी, अब समय बदल गया’ तथा ‘रह जाती हैं स्मृतियां समय गुजर जाने के बाद’ जैसी पंक्तियों ने विशेष सराहना प्राप्त की। गोष्ठी के अंत में साहित्य साधकों ने ऐसे आयोजनों को साहित्यिक चेतना और रचनात्मक अभिव्यक्ति के लिए महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अमरेंद्र नारायण, अध्यक्ष आचार्य हरिशंकर दुबे, विशिष्ट अतिथि प्रतुल श्रीवास्तव, स्वागताध्यक्ष मदन श्रीवास्तव तथा प्रमुख वक्ता राजेश पाठक ‘प्रवीण’ रहे। कार्यक्रम का संयोजन सुभाष शलभ ने किया, जबकि संचालन डॉ. मुकुल तिवारी ने किया। विनीता पैगवार ‘विधि’ ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की वहीं आभार प्रदर्शन महेश स्थापक द्वारा किया गया।